# न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी हार

**माउंट मोंगानुई** (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम को वनडे इतिहास की सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। माउंट माउंगानुई में खेले गए चौथे वनडे में न्यूजीलैंड ने भारत को 244 रन से हराया। 334 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 26.4 ओवर में

## भारत का स्कोर 89 रन पर सिमटी

महज 89 रन पर सिमट गई। इसके साथ ही न्यूजीलैंड के खिलाफ रनों के अंतर से भारत की सबसे बड़ी वनडे हार का रिकॉर्ड बन गया। इससे पहले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे बड़ी हार 200 रन से मिली थी। यह मुकाबला 10 अगस्त 2010 को दांबुला में खेला गया था।

वनडे में ओवरऑल रनों के अंतर से भारत की ये दूसरी सबसे बड़ी हार है। सबसे बड़ी वनडे हार का रिकॉर्ड अब भी 245 रन का है। भारतीय टीम 244 रन से हारी, इसलिए वह इस अनचाहे रिकॉर्ड से सिर्फ एक रन के अंतर से बच गई। यह हार भारत की वनडे इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी



हार है। इस मैच में भारत की बल्लेबाजी इस कदर खराब रही कि पूरी टीम मिलाकर भी 100 रन नहीं बना सकी। पांच मैचों की सीरीज में भारत अब भी 2-1 से आगे है। सीरीज का आखिरी मुकाबला रविवार को खेला जाएगा।

ये पहली बार नहीं है जब भारतीय टीम वनडे में 100 से भी कम स्कोर पर ऑलआउट हुई है। भारत का वनडे में सबसे न्यूनतम स्कोर श्रीलंका के खिलाफ शारजाह में 54 रन है। भारत ने इस मैच में वनडे इतिहास का अपना छठा न्यूनतम स्कोर बनाया है। भारत आठ मौकों पर वनडे में 100 से कम स्कोर पर ऑलआउट हुआ है। हालांकि, 2019 के बाद यह पहली बार है जब भारतीय टीम वनडे में 100 रन भी नहीं बना सकी है।

34 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। मैट हेनरी ने पारी के पहले ही ओवर में रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान श्रेयस अय्यर को पवेलियन भेजकर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया। यह पहली बार था जब भारत ने पहले ही ओवर में तीन विकेट गंवा दिए। रोहित पहली गेंद पर फिन एलन को कैच दे बैठे, जबकि विराट चार गेंदों पर खाता नहीं खोल सके। श्रेयस भी पहली गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए। हेनरी ने पहले ओवर में मेडन रखते हुए तीन विकेट झटके। भारत ने पांचवें ओवर में ऋतुराज गायकवाड़ का विकेट भी गंवा दिया। वह 13 गेंदों पर पांच रन बनाकर माइकल ब्रेसवेल को कैच दे बैठे। इस तरह भारतीय टीम ने नौ रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। ईशान किशन और अक्षर पटेल ने पांचवें विकेट के लिए 44 रन जोड़े, लेकिन 17.1 ओवर में अक्षर 21 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें मैथ्यू फिशर ने फिन एलन के हाथों कैच कराया। दिलचस्प बात ये है कि न्यूजीलैंड दौरे पर ये बल्लेबाजी के लिए सबसे अनुकूल पिच थी, लेकिन इसी पिच पर भारतीय बल्लेबाज ढेर हो गए। ईशान किशन ने 53 गेंदों पर 27 रन बनाए। वह 20.1 ओवर में काइल जेमीसन की गेंद पर बोल्ड हुए। इसके बाद भारतीय पारी ज्यादा देर नहीं टिक सकी।

## फ्लैग एवं अमेरिकन फुटबॉल एसोसियेशन ऑफ बिहार के पदाधिकारियों ने खेल मंत्री से की मुलाकात

**पटना** (आससे)। फ्लैग एवं अमेरिकन फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के पदाधिकारियों ने आज बिहार सरकार की खेल मंत्री एवं अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज श्रीमती श्रेयसी सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर शरण एवं सचिव दिलकुश और संगठन के सभी पदाधिकारियों ने बिहार में फ्लैग एंड अमेरिका फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने और युवाओं को इस खेल से जोड़ने तथा राज्य में हर जिले तक खेल की मजबूत आधारशिला तैयार करने को लेकर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने एसोसियेशन के सदस्यों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं प्रोतसाहन दिया। उन्होंने खेल के विकास, युवाओं की प्रतिभा को उचित मंच उपलब्ध कराने तथा खेल गतिविधियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के महत्व पर अपने विचार साझा किये। एसोसियेशन के अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर शरण एवं सभी पदाधिकारियों ने कहा कि बिहार में फ्लैग एंड अमेरिकन फुटबॉल जैसे खेलों की अपार संभावनाएं हैं। एसोसिएशन का उद्देश्य राज्य के सभी जिलों में इस खेल का विस्तार करना, स्कूल एवं कॉलेज स्तर पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम सुंदर शरण, उपाध्यक्ष सौरव शम्र, सचिव दिलकुश एवं कोषाध्यक्ष सुमित शाही उपस्थित रहे। एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने खेल मंत्री श्रेयसी सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहिन बिहार में फ्लैग एवं अमेरिकन फुटबाल के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। ऐसोसिएशन आनेवाले समय में राज्य में इस खेल को नयी पहचान दिलाने और अधिक से अधिक युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही इस खेल को नयी दिशा देने के लिए बिहार में जल्द ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किये जाने पर भी चर्चा की गयी। जिसके लिए संगठन के सभी पदाधिकारी काम कर रहे हैं जल्द ही फ्लैग फुटबाल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता कब और कहां होगी इसका घोषणा किया जायेगा।

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक

अर्शविदा कैप्सूल




सुविचार

सकारात्मक सोच से ही जीवन में बदलाव आता है।

• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार

Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com

Also available at TATA 1mg | amazon | Flipkart



मैनपुरा पंचायत के समस्त सम्मानित ग्रामवासियों को छठ महापव्र की मंगलमय बधाई एवं शुभकामनाएं। छठी मैया सभी के जीवन में सुख शांति, समृद्धि एवं खुशहाली प्रदान करें।

-: निवेदक :-

अशोक कुमार शर्मा

मुखिया, मैनपुरा पंचायत
कलेर, अरवल

# भारत के खिलाफ हेनरी ने लिये छह विकेट

**माउंट माउंगानुई** (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने भारत के खिलाफ चौथे वनडे में ऐसा प्रदर्शन किया, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। उन्होंने पारी के पहले ही ओवर में रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान श्रेयस अय्यर को पवेलियन भेजकर भारतीय टीम की कमर तोड़ दी। इसके बाद हेनरी ने कुल छह विकेट लेकर भारत की पारी 89 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। न्यूजीलैंड ने यह मुकाबला 244 रन से जीता। हेनरी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। हेनरी ने 9.4 ओवर में 27 रन देकर छह विकेट लिए। यह वनडे में उनका चौथा पांच विकेट हॉल है। उनके इस प्रदर्शन के साथ ही भारत के खिलाफ और न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के कई रिकॉर्ड भी चर्चा में आ गए। मैट हेनरी ने 27 रन देकर छह विकेट लिए। भारत के खिलाफ वनडे में न्यूजीलैंड के किसी गेंदबाज का यह दूसरा छह विकेट वाला प्रदर्शन है। उनसे पहले शेन बॉन्ड ने 2005 में बुलावायो में भारत के खिलाफ 19 रन देकर छह विकेट लिए थे। हेनरी ने इस सूची में अपना नाम दूसरे स्थान पर दर्ज करा लिया।



# 17 खिलाड़ियों को मिला अर्जुन पुरस्कार

**नयी दिल्ली** (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस वर्ष के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किए। इस बार किसी भी खिलाड़ी को देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए नहीं चुना गया है और 2014 के बाद यह पहला मौका है जब

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित

खेल रत्न पुरस्कार नहीं दिया गया है। करीब 36 मिनट तक चले इस समारोह में केंद्रीय युवा मामलों और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया और खेल सचिव हरि रंजन राव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

चयन समिति की सिफारिशों के पुनर्मूल्यांकन के बाद इस बार कुल 17 खिलाड़ियों को प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पुरस्कारों की घोषणा में हुई भारी देरी की कुछ एथलीटों ने आलोचना भी की थी, जिसे मंत्रालय ने पुरस्कारों की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवश्यक बताया था।



पुरस्कार विजेताओं में हाल ही में विश्व कप जीतने वाली शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख, 2024 के शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे विदित गुजराती, डेकाथलीट तेजस्विन शंकर और महिलाओं की युगल बैडमिंटन जोड़ी गायत्री गोपीचंद व त्रीसा जॉली का नाम शामिल हैं।

समारोह में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में दिव्या देशमुख, विदित गुजराती, राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मुक्केबाज नरेंद्र बेरवाल और युवा बधिर निशानेबाज धनुष श्रीकांत शामिल थे। पैरा-स्पोर्ट्स श्रेणी में इस बार केवल दो खिलाड़ियों पैरा क्लब थ्रोअर एकता भ्यान और निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल को यह सम्मान मिला। इसके अलावा, वर्ष 1962 के एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता फुटबॉल टीम के सदस्य आई. अरुमनायगम को लाइफटाइम अचिवमेंट श्रेणी में अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया।

कोचिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए तीन कोचों को द्रोणाचार्य पुरस्कार दिया गया, जिनमें महिला राष्ट्रीय शिविर से जुड़े मुक्केबाजी कोच छोटे लाल यादव प्रमुख हैं। इसके साथ ही पुरुषों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी टीम के कोच धर्मेंद्र यादव और कुश्ती कोच वीरेंद्र कुमार को 'लाइफटाइम अचिवमेंट' श्रेणी में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मालूम हो कि अर्जुन पुरस्कार विजेता को 15 लाख रुपये की नकद राशि

## राष्ट्रीय खेल पुरस्कार

प्रदान की जाती है। पारंपरिक रूप से ये पुरस्कार महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती यानी 29 अगस्त को दिए जाते थे, लेकिन कोविड-19 महामारी के बाद से इसकी तारीख में निरंतरता नहीं रही है।



इस्माइलपुर कोयल पंचायत के समस्त ग्रामवासियों को छठ महापर्व की मंगलमय बधाई एवं शुभकामनाएं। छठी मैया सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाये।

-: निवेदक :-

आनंद सिन्हा

मुखिया, इस्माइलपुर, कोयल पंचायत, कलेर, अरवल

आपके लिवर और पाचन स्वास्थ्य का भरोसेमंद साथी

DYNAMIC SUPER SPECIALITY LIVER & GASTRO CENTRE

सही जाँच — सही ईलाज — बेहतर जीवन

हमारी सेवाएँ
★ लिवर एवं पाचन रोग विशेषज्ञ परामर्श
★ फाइब्रोस्कैन (लिवर स्टिफनेस एवं फैट)
★ एंडोस्कोपी (उपरी जठरांत्र जाँच)
★ कोलोनोस्कोपी (बड़ी आँत की जाँच)
★ लिवर बायोप्सी
★ हेपेटाइटिस (B & C) की जाँच एवं इलाज
★ फैटी लिवर, सिरोसिस एवं लिवर फेल्योर प्रबंधन
★ पीलिया, गैस, एसिडिटी, IBS, IBD, कब्ज, दस्त आदि का उपचार

उन्नत जाँच सटीक निदान विशेषज्ञ देखभाल

फाइब्रोस्कैन
अब उपलब्ध बिना दर्द बिना सुई

एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोनी
उच्च गुणवता एंडोस्कोपी यूनिट

लिवर बायोप्सी
एवं अन्य उन्नत प्रक्रियाएँ उपलब्ध

OPD परामर्श उपलब्ध
सुबह 9 बजे से रात्रि 7 बजे तक — रविवार बंद

अभी कॉल करें। 6206071186

पता - पठेल पथ, मजार गली, राजा बाजार, पटना-800014

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD – 804417

Purpose Course — MBA ((Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management

शीघ्र आवश्यकता है

| Post | Department | Qualification |
|---|---|---|
| Principal | Administration | Ph.D with 10 Year Experience |
| Assistant Professor/ Professor | MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management | Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject |
| HOD | MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management | Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience |
| Librarian | Library | B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc |
| Lab Instructor/ | - | BCA / DCA |
| Accountant | Administration | M.Com / B.Com |
| Office Assistant | Administration | Graduate with Computer Knowledge |
| Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon) | Administration | Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields |

■ एक वयक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी ■

Secretary/Chairman - Divya Prakash — Contact- 9304697359, 9334074905

# लक्ष्य सेन का शानदार प्रदर्शन जारी

## सेमीफाइनल में पहुंचे, किदांबी श्रीकांत का सफर समाप्त

**कुमामोतो** (एजेंसी)। भारत के अनुभवी खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन किदांबी श्रीकांत एक बार फिर उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और सीधे गेम में हारकर से बाहर हो गए। विश्व के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने 40 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में जापान के युशी तनाका को 21-16, 21-15 से पराजित किया। इस भारतीय खिलाड़ी के लिए यह जीत बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें चीन में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने के लिए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर रैंकिंग के शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी।

हाल में हाइलो ओपन जीतने वाले




आठवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य वर्तमान में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर रैंकिंग में 64,980 अंकों के साथ 12वें स्थान पर हैं। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई खिलाड़ी अल्वी फरहान से होगा। भारतीय खिलाड़ी ने विश्व में 10वें नंबर के फरहान के खिलाफ अभी तक दो मैच खेले हैं जिनमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

## डेब्यू वनडे में बियर्डमैन ने झटके 6 विकेट, बनाया रिकॉर्ड

**सिडनी** (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का आगाज शुक्रवार को पर्थ में हुआ। पहले मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया के 21 वर्षीय तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन ने अपने प्रदर्शन से सभी को चौंका दिया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में घरेलू मैदान पर अपना पहला मैच खेल रहे बियर्डमैन ने इंग्लैंड के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया।

उन्होंने 24 रन देकर छह विकेट झटके और वनडे डेब्यू पर किसी ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अपने नाम कर लिया। उनकी घातक गेंदबाजी के सामने इंग्लैंड की पूरी टीम 34 ओवर से पहले ही 131 रन पर सिमट गई। बियर्डमैन ने अपने वनडे करियर का पहला विकेट आठवीं गेंद पर हासिल किया और फिर इंग्लैंड के शीर्ष क्रम को संभलने का मौका नहीं दिया। उन्होंने कप्तान हैरी ब्रूक, जो रूट, जॉर्डन कॉक्स, सैम करन, लियाम डॉसन और जोफ्रा आर्चर को पवेलियन भेजा।



रामकृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से बिहार वासियों को छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

-: निवेदक :-

रामकृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन प्रा. लि

अकबरपुर पोस्ट वासुदेवपुर थाना कल्याणपुर ल्याणपुर (बिहार)



समस्त अरवल जिलावासियों को छठ महापर्व की मंगलमय बधाई एवं शुभकामनाएं। छठी मैया सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाये।

-: निवेदक :-

विक्रम सिंह

वशिष्ठ समाजसेवी
अरवल



छठ पूजा के अवसर पर सभी क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

-: निवेदक :-

रणबीर कुमार रावत

थानाध्यक्ष
कल्याणपुर, (समस्तीपुर)



छठी मैया सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली प्रदान करें। छठ महापर्व की मंगलमय बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं।

-: निवेदक :-

युगेश कुमार

निदेशक
ईजीटू सक्सेस कोचिंग सेंटर
मेहंदिया, कलेर, अरवल

GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD
I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.
Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (Ayush) [UGMAC(Ayush)]-2026
for BAMS / BHMS / BUMS in Govt / Pvt. Ayush Colleges of Bihar

Adv. No.- BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/10 Dated : 12.11.2026

Notice for Online Application & Choice Filling [Stray Vacancy Round-(I)]

Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling after Round-3 are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2026 candidates for appearing in the Stray Vacancy Round-(I) Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling [UGMAC(Ayush)]-2026, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No.-BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/01 & 2026/02 Dated 18.09.2026, 2026/03 Dated 26.09.2026, 2026/04 Dated 09.10.2026, 2026/06 Dated 24.10.2026 and 2026/08 Dated 01.11.2026 and are not admitted in any Ayush Colleges of India, for admission to the first year UG Ayush Medical Courses (BAMS / BHMS / BUMS) in Government / Private Ayush Colleges of Bihar state based on the Rank of UGMAC(Ayush)-2026 prepared on the basis of All India Rank of NEET(UG)-2026 on the vacant seats available after admission on the basis of UGMAC(Ayush)-2026 Online Round-3 Counselling held from 09.11.2026 to 11.11.2026.

Consent is also invited from eligible candidates who have already duly submitted the Online Application form earlier and fall under the condition mentioned in para-15 of the Adv.No.-BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/09 dated 12.11.2026 uploaded on Board's website.

2. Updated Seat Matrix of vacancies after completion of Round-3 Counselling is available on Board's website: **bceceboard.bihar.gov.in** . If any further vacancies due to resignation etc. arise, the Updated Seat Matrix will be uploaded on the Board's website. The candidate must see it before Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling / submitting their Consent / editing of choices for Online Counselling.

3. The online Registration & submission of Application Form-cum-Choice Filling/ Editing of Application form data / Editing of Choices / Consent (Stray Vacancy Round-(I) will start from **14.11.2026.**

4. Eligibility criteria for counselling / admission Fee payment precedure, instructions and other details for filling up online applications form-cum-choice filling are available in the prospectus of UGMAC(Ayush)-2026 and **Advertisement No.-BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/09 dated 12.11.2026, which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

Controller of Examination

Chola Enter a better life — चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एवं फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड
कॉरपोरेट ऑफिस : चोला क्रेस्ट, सुपर बी, सी54 छत सी55 4 थिरु वि का एण्डस्ट्रियल इस्टेट, गुइन्डी, चेन्नई-600032 तामिलनाडु

मांग सूचना

सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 (दि ॲक्ट) एवं सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (दि रुल्स) की वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन के प्रावधानों के अधीन अधोहस्ताक्षरकर्ता चोलामंडलम् इन्वेस्टमेंट एवं फायनेंस कम्पनी (निरापद) लेनदार का अधिनियम ते अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी होने के कारण एवं अनुभाग 13 (12) सहपाठित नियमावली के नियम 3 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम के अनुभाग 13 (2) के अधीन, निम्नलिखित ऋणी (ऋणियों) को इस सूचना की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर क्रमशः सूचना (सूचनाओं) में वर्णित राशि के पुनर्भुगतान हेतु 3 मांग सूचना (सूचनाएं) जारी की गई थी। अधोहस्ताक्षरकर्ता तर्कसंगत रुप से विश्वास करता है कि ऋणी (ऋणियों) मांग सूचना / सूचनाओं की सेवा को डाला हैं। इसलिए सूचना की सेवा को प्रत्ययोजना एवं नियमानुसार प्रकाशित द्वारा प्रभावित किया गया है। मांग सूचना सूचनाओं की अंतर्वस्तु को यहां नीचे अवतरित किया जाता है।

| अ. क्र. | ऋणी / ऋणियों एवं सहऋणी / ऋणियों का नाम एवं पता | ऋण राशि | मांग सूचना दिनांक एवं बकाया राशि | निरापद सम्पत्ति / परिसम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋण खाता संख्या : HL05PTA000049022<br>1. श्री. / श्रीमती राजेशी कुमार<br>2. श्री. / श्रीमती शैल देवी<br>अनु. क्र. 1 और 2 के लिये पता : पुत्र धर्मदेव राय कर्णपुरा, लालू छपरा, शिव मंदिर के पास, मीनापुर, बिहार-843 126। अनु. क्र. 1 और 2 के लिये पता : खेसरा संख्या : 195, खाता संख्या 2 के अंतर्गत, मौजा : कर्णपुरा, थाना : पारू, थाना संख्या : 489, शिव मंदिर, मीनापुर, जिला : मुजफ्फरपुर, बिहार-843 126। | रु. 19,50,000/- | 27.10.2026 रु. 20,25,483/- (रु. बीस लाख पच्चीस हज़ार चार सौ तिरासी मात्र) दि. 27.10.2026 तक | ➢ दस्तावेज़ के अनुसार पता - खेसरा संख्या-195 खाता संख्या : 2 मौजा : कम्पुरा थाना-पारू थाना संख्या-489 जिसका क्षेत्रफल 08 डिसमिल है। जिला : मुजफ्फरपुर, राज्य-बिहार। ➢ वास्तविक पता - कर्णपुरा, खेसरा संख्या : 195, खाता संख्या : 2, मौजा-कर्णपुरा थाना पारूथाना संख्या : 489 जिसका क्षेत्रफल 08 है। जिला मुजफ्फरपुर, राज्य : बिहार। ➢ वास्तविक के अनुसार - • पूर्व : सीताराम राय; • पश्चिम : रामसराय राय; • उत्तर : चंदेश्वर राय; • दक्षिण : ग्रामीण पीसीसी सड़क। ➢ विलेख के अनुसार - • पूर्व : सीताराम राय; • पश्चिम : रामसराय राय; • उत्तर : चंदेश्वर राय; • दक्षिण : कच्ची सड़क। |
| 2 | ऋण खाता संख्या : HL05HJP000049129<br>1. श्री. / श्रीमती ब्रजेश कुमार<br>2. श्री. / श्रीमती नबलकिशोर साह<br>3. श्री. / श्रीमती बिमा देवी<br>अनु. क्र. 1, 2 और 3 के लिये पता : पुत्र, नवल किशोर साह, थाना महुआ, लखनसेन निर्णय, लखन सेन, वैशाली, शिव मंदिर के पास, भगवानपुर, बिहार-844 125। अनु. क्र. 1, 2 और 3 के लिये पता : थाना संख्या 206, रकबा 16 डीईसी, खाता संख्या 11/23, खेसरा संख्या 114/113, बिरना लखनसेन, शिव मंदिर, भगवानपुर-844 125। | रु. 22,50,000/- | 27.10.2026 रु. 22,83,852/- (रु. बाईस लाख तिरासी हज़ार आठ सौ बावन मात्र) दि. 27.10.2026 तक | खेसरा संख्या : 113 एवं 114, खाता संख्या : 11 एवं 23 के अंतर्गत, मौजा : बीमा लखनसेन, थाना : महुआ, थाना संख्या : 206, क्षेत्रफल-16 डिसमिल यानी 6969.6 वर्ग फुट, जिला : वैशाली, राज्य बिहार में। ➢ वास्तविकता के आधार पर - • उत्तर : हिरा लाल साह, इमरोजे खारिदार के अनुसार; • दक्षिण : नथुनी साह; • पूर्व : सड़क; • पश्चिम : मुंशी महतो। ➢ विलेख के अनुसार - • उत्तर : हिरा लाल साह, इमरोजे खारिदार; • दक्षिण : नथुनी साह; • पूरब : सड़क; • पश्चिम : मुंशी महतो |

ऋणी ऋणियों को ऐतद्व द्वारा मांग सूचना (सूचनाओं की पालना की सलाह दी जाती एवं इस प्रकाशन की दिनांक से 60 दिनों के भीतर मय लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, वापस किए प्रभारों, लागत एवं भुगतान की वसुली की दिनांक तक समस्त व्ययों जो यहां उपरोक्त वर्णित मांगी गई राशि का भुगतान देवें। ऋणी (ऋणियों) यह नोट कर लेवें कि चोलामंडलम् इन्वेस्टमेंट एण्ड फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड एक निरापद लेनेदार है एवं ऋणी (ऋणियों द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा ऋणी (ऋणियों द्वारा रखी गई अचल सम्पत्ति / परिसम्पत्तियां हैं जो निरापद सम्पत्ति (सम्पत्तियों के विरुद्ध दिया गया निरापद कर्ज है। प्राणी ऋणियों) निर्धारित समय के भीतर पूर्ण रुपेण उनके दायित्वों देनेदारियों का निर्वहन के विफल होने की स्थिति में निरापद लेनदार निरापद सम्पत्ति (सम्पत्तियों) सहित परंतु अधिनियम एवं इसके अन्तर्गत नियमों एवं भुगतान की वसुली के अधीन इसकी बिक्री द्वारा हस्तांतरित में सीमित या अन्य कोई उपलब्ध निदान प्रेरक द्वारा अधिनियम के अनुसार 13 (4) के अधीन प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग में लाने जाने का सर्वाधिक सुरक्षित है। निरापद लेन बिक्री के अधिकार को लागू करने या निरापद (सम्पत्तियों के स्थानांतरण आगामी बिक्री करने के पूर्व **संलग्न एवं / या सील** करने का भी शक्ति प्राप्त है। निरापद लेनदार शेष राशि की वसुली में कानूनी कार्यवाह प्रारंभ करने का भी अधिकार है, यदि निरापद लेनेदार में बकाया देय की वसुली में सम्पत्ति अपर्याप्त पाई जाती है। इस निदान के अतिरिक्त एवं अन्य कोई कानून के अधीन निरापद लेनदार कार्यवाही के लिए स्वतंत्र है।

ऋणी (ऋणियों) का ध्यान, अधिनियम के अनुभाग 13 (8) की ओर आकृष्ट किया जाता है कि वे उपलब्ध समय के निरापद सम्पत्तियों को छुडवा लेवें एवं द्वारा स्थानान्तरित किये जाने, पट्टे पर देना या अन्यथा (व्यवसाय के अन्य कोई साधारण अवस्था में) बगैर पूर्व लिखित सूचना एवं गैर अनुपालन नहीं करे, यदि ऐसा किया जाता है तो उपर्युक्त अधिनियम के अनुभाग 29 के अधीन एक दंडनीय अपराध है। अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास मांग सूचना की प्रतिलिपि है एवं ऋणी (ऋणियों) यदि वे चाहे ते कार्यालय ते नियत समय एवं कार्यदिवस में इस सूचना की प्रतिलिपि प्राप्त कर सकते हैं।

हस्ताक्षर
प्राधिकृत अधिकारी
कृते चोलामंडलम् इन्वेस्टमेंट एवं फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

स्थान : मुजफ्फरपुर / वैशाली, बिहार
दिनांक : 27.10.2026